दैनिक

प्रातः कालीन

भारत सरकार से रजिस्टर्ड

हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

KNLS Live

सम्पर्क करें:9027776991

न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में

न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

वर्ष :- 03 अंक :- 110 मुरादाबाद, 08 August 2023 (Tuesday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

बुनकरों को प्रोत्साहित करने पहुंचे PM मोदी, कहा- स्वदेशी वस्तुओं को लेकर देश में आई एक नई क्रांति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को नई दिल्ली में प्रगति मैदान के भारत मंडपम में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह में भाग लेने के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में खादी के उत्पादन में तीन गुना से अधिक की वृद्धि हुई है और खादी के कपड़ों की बिक्री भी पांच गुना बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि देश-विदेश में खादी के कपड़ों की मांग बढ़ रही है। भ्रष्टाचार, वंशवाद और तुष्टिकरण छोड़ो विपक्षी दलों के गठबंधन 'ढ्ढ.ह्ल.ष्ठ.ढ्ढ.' पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश अब एक स्वर में भ्रष्टाचार, वंशवाद की राजनीति और तुष्टिकरण जैसी बुराइयों से कह रहा है भारत छोड़ो। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद वस्त्र उद्योग (खादी) को मजबूत करने पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया, जो पिछली सदी में इतना मजबूत था। आलम यह था कि इसे मरने के लिए छोड़ दिया गया। खादी पहनने वाले लोगों को हीन भावना से देखा जाता था। साल 2014 से हमारी सरकार इस स्थिति और सोच को बदलने में जुटी है। पीएम ने कहा कि मैंने लोगों से खादी का कोई न कोई सामान खरीदने का निवेदन किया था। इसका नतीजा जो निकला उसके हम सभी साक्षी हैं। देश में खादी की बढ़ती लोकप्रियता पर कहा कि इसकी बिक्री अब बढ़कर 1.30 लाख करोड़ रुपये हो गई है जो 2014 से पहले करीब 25,000-30,000 करोड़ रुपये थी। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि भारत के हथकरघा, खादी, कपड़ा क्षेत्र को विश्व गुरु बनाया जाए। राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह में भारत मंडप में प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं को लेकर देश में एक नई क्रांति आई है। उन्होंने देशवासियों से आने वाले त्योहारों में स्थानीय उत्पादों को और बढ़ावा देने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में 'नव-मध्यम वर्ग' का उदय हो रहा है, जो कपड़ा कंपनियों को बड़ा अवसर प्रदान करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'एक जिला, एक उत्पाद' पहल के माध्यम से विभिन्न जिलों में बने अनूठे उत्पादों को बढ़ावा मिल रहा है। गुजरात के 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' की तरह पूरे देश में 'एकता मॉल' स्थापित किए जा रहे हैं। मोदी ने कपड़ा व फैशन उद्योग से अपना दायरा बढ़ाने और भारत को दुनिया की तीन शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में ले जाने के लिए महत्वपूर्ण रूप से योगदान देने का भी आह्वान किया। बता दें, भारत सरकार साल 2015 से हर साल 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाती है ताकि बुनकरों और शिल्पकारों को महत्त्व दिया जा सके। इससे पहले प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर कहा था कि यह %वोकल फॉर लोकल% की भावना के तहत स्थानीय वस्त्रों और हथकरघा को लोकप्रिय बनाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दोहराने का अवसर है।

ई-पोर्टल की भी होगी शुरुआत

बता दें, कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री एक ई-पोर्टल की शुरुआत भी करेंगे। वस्त्र और शिल्प से जुड़ी इस पोर्टल को राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएफटी) ने तैयार किया है। कार्यक्रम में कपड़ा और एमएसएमई क्षेत्रों के 3000 से अधिक हथकरघा, बुनकर, कारीगर और हितधारक भाग लेंगे।

विभिन्न राज्य हथकरघा विभागों को एक साथ लाएगी यह पहल

वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, यह पोर्टल देश के सभी हथकरघा समूहों, निफ्ट परिसरों, बुनकर सेवा केंद्रों, भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान परिसरों, राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम, हथकरघा निर्यात संवर्धन परिषद, केवीआईसी संस्थानों और विभिन्न राज्य हथकरघा विभागों को एक साथ लाएगा।

हमेशा करते है शिल्पकारों को प्रोत्साहन

पीएम हमेशा से देश की कलात्मकता और शिल्प कौशल की समृद्ध परंपरा को जीवित रखने वाले कारीगरों और शिल्पकारों को प्रोत्साहन और नीतिगत समर्थन देने के दृढ़ समर्थक रहे हैं। इसी के तहत राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया जा रहा है।कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री एक ई-पोर्टल की शुरुआत भी करेंगे। वस्त्र और शिल्प से जुड़ी इस पोर्टल को राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान ने तैयार किया है। कार्यक्रम में कपड़ा और एमएसएमई क्षेत्रों के 3000 से अधिक बुनकर, कारीगर और हितधारक भाग लेंगे।

मणिपुर हिंसा पर अखिलेश ने सीएम योगी को घेरा, बोले - बयान देकर देश की आवाज बनें, हम समर्थन करेंगे

सपा अध्यक्ष व यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी को मणिपुर हिंसा पर बयान देकर देश की आवाज बन जाना चाहिए और हम भी इस मुद्दे पर उनका समर्थन करेंगे।यूपी में सोमवार से विधानमंडल का मानसून सत्र शुरू हो गया। सत्र के पहले दिन कार्यवाही हंगामे के साथ शुरू हुई। सपा नेताओं ने मणिपुर हिंसा को लेकर यूपी विधानसभा में निंदा प्रस्ताव लाने की मांग की। इसे लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि आज मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई जघन्य घटना पर पूरी दुनिया में निंदा हो रही है। हम आप अमेरिका-यूरोप निवेश लाने के लिए गए। वहां पर इसकी चर्चा हो रही है। अब इसकी चर्चा यूपी विधानसभा में भी करवाई जाए। उन्होंने मांग की कि मणिपुर हिंसा पर यूपी विधानसभा में निंदा प्रस्ताव लाया जाए और नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बयान देना चाहिए। अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तंज सकते हुए कहा कि वो भाजपा के मुख्यमंत्री हैं। मैं उनकी मजबूरी समझ सकता हूं। मणिपुर हिंसा पर बोलकर वो देश की आवाज बन जाएं। हम भी उनका समर्थन करेंगे। इस पर सदन में हंगामा होने लगा। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने स्थिति को संभालते हुए कहा कि हम दूसरे राज्यों की यहां पर चर्चा नहीं कर सकते। नहीं तो कल कोई कहेगा कि बंगाल में हिंसा की या केरल की किसी घटना पर चर्चा हो। उन्होंने सदन के सभी सदस्यों से अपने क्षेत्रों से जुड़े सवालों को उठाने की अपील की।

मुख्यमंत्री बोले, हम स्वस्थ चर्चा के लिए तैयार

यूपी विधानमंडल सत्र की कार्यवाही शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रदेश के समग्र विकास एवं जनसमस्याओं के समाधान के लिए हम विधानमंडल की कार्रवाई में स्वस्थ चर्चा के लिए तैयार हैं। इसके लिए सर्वदलीय नेताओं की बैठक में सरकार की ओर से सार्थक चर्चा के लिए आवाह्न किया गया। साथ ही सरकार सभी दलों के सदस्यों के उनके सवालों के जवाब देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि सदन आम जनमानस से जुड़ी समस्याओं को रखने एवं इस ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करने का महत्वपूर्ण मंच है। ऐसे में सदन में एक स्वस्थ चर्चा के लिए सरकार पूरी तरह से तैयार है। ऐसे में सदन को सार्थक चर्चा का विषय बनाना चाहिये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश ने पिछले 6 वर्षों में विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। इन 6 वर्षों के दौरान प्रदेश के परसेप्शन को बदलकर नौजवानों, नागरिकों के सामने कुत्सित राजनीति के कारणों से जो उनके सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था, उस पहचान के संकट से मुक्त करते हुए प्रदेश को देश के एक प्रमुख राज्य के रूप में स्थापित करने में पूरी सफलता प्राप्त हुई है। एक तरफ जहां इसे आगे बढ़ाने में सफलता प्राप्त हुई है, वहीं प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दोगुना करने के साथ प्रति व्यक्ति आय को भी दोगुना करने में सफलता प्राप्त हुई है।

Bjp MP Ramshankar Katheria को बड़ी राहत, बच गई सांसदी, दो साल की सजा- जुर्माना पर रोक, 11 सितंबर को अगली सुनवाई

आगरा- पूर्व केंद्रीय मंत्री व इटावा से सांसद राम शंकर कठेरिया को सजा के मामले में दाखिल अपील को सत्र न्यायालय ने स्वीकृत कर लिया। विशेष मजिस्ट्रेट एमपी/एमएलए कोर्ट द्वारा शनिवार को सुनाई गई दो वर्ष की सजा और 50 हजार रुपये जुर्माने को स्थगित कर दिया है। मामले में सुनवाई के लिए जिला जज ने 11 सितंबर की तिथि तय की है। **Bjp MP Ramshankar Katheria** पूर्व केंद्रीय मंत्री व इटावा से सांसद राम शंकर कठेरिया की सजा और जुर्माना पर रोक। नवंबर 2011 में टोरेंट पावर के मैनेजर के साथ मारपीट और बलवे में सुनाई गई थी दो वर्ष की सजा। भाजपा सांसद के अधिवक्ताओं की ओर से सजा को लेकर सत्र न्यायालय में दाखिल की गई थी अपील। 11 सितंबर को मामले में होगी अगली सुनवाई ये था मामला- नवंबर 2016 में साकेत माल स्थित टोरेंट के कार्यालय में मैनेजर से मारपीट और बलवे के आरोप में आगरा के तत्कालीन सांसद (वर्तमान में इटावा) राम शंकर कठेरिया के विरुद्ध हरीपर्वत थाने में अभियोग दर्ज किया गया था। मामले में पुलिस ने राम शंकर कठेरिया के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय मे दाखिल किया था।

विशेष मजिस्ट्रेट एमपी/एमएलए कोर्ट ने उन्हें बलवा और मारपीट को दोषी माना था। कोर्ट ने सांसद को वर्ष की सजा और 50 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया था। सांसद के अधिवक्ताओं की ओर से सजा के विरुद्ध जिला जज की अदालत में अपील दाखिल की गई थी। जिस पर दोपहर बाद सुनवाई के बाद अपील को स्वीकृत करते हुए सत्र न्यायालय ने सजा और जुर्माना स्थगित कर दिया। मामले में अगली सुनवाई अब 11 सितंबर को नियत की गई है।

बरेली में हादसे के बाद बवाल: वाहन को टक्कर लगने से गुस्साए कांवड़ियों ने किया पथराव, ट्रक के शीशे तोड़े

बरेली के रिठौरा क्षेत्र में सोमवार तड़के सड़क किनारे खड़े कांवड़ियों के वाहन को ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे दो कांवड़िये घायल हो गए। घटना से आक्रोशित कांवड़ियों ने ट्रक को रोक लिया और बवाल कर दिया। ट्रक पर पथराव कर उसके शीशे तोड़ दिए। करीब पांच घंटे तक हंगामा चला। पुलिस ने समझा-बुझाकर कांवड़ियों को मनाया। रिठौरा क्षेत्र में सोमवार तड़के वाहन को टक्कर लगने से गुस्साए कांवड़ियों ने बवाल कर दिया। पीलीभीत हाईवे पर जाम लगाकर पथराव किया। ट्रक के शीशे तोड़े डाले। रिठौरा क्षेत्र में पीलीभीत हाईवे पर कांवड़ियों का डीजे लदा वाहन खड़ा था। सोमवार तड़के उनके वाहन को भूसे से भरे ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे दो कांवड़िये घायल हो गए थे। गुस्साए कांवड़ियों ने पीलीभीत हाईवे पर जाम लगा दिया। कांवड़ियों ने ट्रक पर पत्थरबाजी कर दी। ट्रक के शीशे तोड़ डाले। ट्रक चालक को पीट दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जैसे तैसे मामला शांत किया। इसके बाद कांवड़िये जलाभिषेक के लिए रवाना हुए। घटना के बाद करीब पांच घंटे तक हाईवे पर हंगामा होता रहा। इससे जाम की स्थिति भी बन गई थी।

संपादकीय Editorial

Rahul Gandhi's MP

The Supreme Court has stayed the sentence of Congress leader Rahul Gandhi in the 'Modi defamation case'. Rejecting the decisions of the lower court and the High Court, the apex court has asked what are the reasons and grounds for awarding the maximum sentence of 2 years in the context of defamation? Had he been sentenced to even a day less, Rahul Gandhi's MP would not have been cancelled. It is not just a question of membership of an MP, but a matter of taking away the representation of an area. There is a question of disrespecting the voting rights of the lakhs of people of the parliamentary constituency who had voted and elected him as an MP, hence there is a constitutional concern as well. The Supreme Court, as a public representative, has also advised Rahul Gandhi to make statements from the public forum after thinking carefully, because the effect of the statements of MPs is widespread. Due to this, the public system can be unbalanced and any person, caste, community, organization is also insulted. One's fundamental and constitutional rights are also violated. However, Congress leaders have termed the Supreme Court's decision as the victory of truth, justice, constitution and democracy. From Congress President Mallikarjun Kharge, former President Rahul Gandhi, Priyanka Gandhi Vadra to party spokespersons have made similar comments. Now the entire Congress including Rahul should be convinced that the constitution, democracy and judiciary are still alive and effective in the country. However, Rahul Gandhi appeared somewhat extra restrained, while some spokespersons even reached the level of 'dictators'.

Of course, these are moments of glee and celebration for the Congress. Rahul's parliament was not only terminated, but he would have been 'disqualified' for election for 8 years. Now he will try to run the opposition alliance forward with new enthusiasm and will keep his leadership claim alive by contesting the 2024 elections. From now on, considering him as the captain of 'India' and the 'natural choice' for the post of Prime Minister is 'immature politics'. Let us remind you that on April 13, 2019, Rahul Gandhi raised the question in an election rally in Karnataka – 'Why are all thieves with the surname Modi?' Actually his target was Prime Minister Modi, against whom the Congress had launched a propaganda campaign. It was – 'Chowkidar Chor Hai.' However, that case of criminal defamation is still in the court. The apex court has only stayed the sentence. Thirteen other criminal cases against Rahul Gandhi are also pending before the court. He is out on bail in an alleged scam. The Supreme Court has stayed the maximum punishment in view of constitutional concerns. It is obvious that now his MP will be restored. In that context, Adhir Ranjan Chowdhary, leader of the Congress Parliamentary Party in the Lok Sabha, has submitted the copy of the court order and the letter requesting for the reinstatement of the MP to the Lok Sabha Secretariat. There is a possibility that Speaker Om Birla may take a decision after studying the papers on Monday. The Congress is very keen that Rahul Gandhi can definitely speak and expose the Modi government in the discussion on the no-confidence motion on Tuesday-Wednesday, August 8-9. It is up to the discretion of the Speaker. After Rahul becomes active as an MP, the attitude and equation of politics will also change. It is also 'over-zealous' to consider the 2024 fight as Prime Minister Modi versus Rahul, as Rahul Gandhi was the Congress President in 2019, when the party's 52 MPs could win in the general elections. However, Rahul Gandhi should be in the Lok Sabha.

Efforts to bring out the truth, archaeological survey of Gyanvapi can reveal evidence like Ayodhya

It can be clearly seen in the Gyanvapi campus that a mosque was built here by demolishing a temple. It also has many historical documents which were written not only by the people of the country but also from abroad. There are also some such documents which were written by Aurangzeb's close friends and in which it has been said that this Mughal ruler had issued an order to demolish the Kashi Vishwanath temple. The decision given by the Supreme Court regarding this is going to be helpful in bringing out the truth. After this decision, it would be good if the Muslim side realizes that it is unnecessarily trying to turn away from the truth by knocking on the doors of the courts. The question raised by the Supreme Court in its decision that what is the problem in bringing out the truth through the survey, the Muslim side should introspect in a watery manner. He should know what the consequences of his attempt to turn away from the truth in the Ayodhya case were similar. was constructed. All its historical documents are also available, which were written not only by the people of the country but also by people from abroad. There are also some such documents which were written by Aurangzeb's close ones and in which it has been said that this Mughal ruler had issued an order to demolish the Kashi Vishwanath temple. Now that the Supreme Court has made its stand clear on collecting scientific evidence from the Gyanvapi complex, the Muslim side should refrain from making the same mistake it did in the Ayodhya case. It would be appropriate to try to resolve this dispute in the same way as Uttar Pradesh Chief Minister Yogi Adityanath said a few days ago that the task of rectifying the mistakes of history is necessary and for this the Muslim community itself should come forward. . Some Muslim leaders are also of the same opinion, but the people and political parties trying to mislead them do not want to allow such matters to be resolved amicably. Since independence, the vote bank politics of Muslim appeasement has only created hurdles in resolving such matters through conciliation and conciliation. The archaeological survey of Gyanvapi may reveal evidence similar to that found in Ayodhya. Trying to bring out the truth of Gyanvapi is not a matter of uprooting the dead, but an initiative to correct the mistake of history, belatedly. This decision of the Supreme Court underlines that the Dharmasthala law is not a hindrance in revealing the truth in cases like Gyanvapi. It cannot be ignored that a case like Gyanvapi is not an isolated one. Nothing is going to be gained by turning away from the truth in these matters, as it is a fact that foreign invaders caused massive temple destruction in India. Such places which clearly indicate that a mosque was built by demolishing a temple, they gnaw at the soul of the Hindu society.

Yeimran: What happened to what?

There is nothing shocking in the arrest of former Pakistan Prime Minister Imran Khan in the Toshakhana case. There is nothing shocking in the arrest of former Pakistan Prime Minister Imran Khan in the Toshakhana case. Even before this, he was arrested in the Abdul Qadir Trust scam. Then there was chaos in Pakistan and Imran's supporters had created uproar in the country and people had damaged government properties while also targeting military bases, then Imran escaped after getting bail from the higher courts. In Pakistan, from time to time, former Prime Ministers have been under attack. Zulfikar Ali Bhutto was hanged. Former Prime Minister Benazir Bhutto was also jailed for corruption, later she lived in exile for 7 years. He was assassinated in a suicide attack in 2007 after his return to the country. Be it former Prime Minister Nawaz Sharif or Yousuf Raza Geelani or even Shahid Thakan Abbasi have gone to jail on the charges of corruption. The current Prime Minister Shahbaz Sharif has also been arrested in the money laundering case and after about 7 months he was released from Kot Lakhpat Jail in Lahore. Pakistan's destiny has been that it has been a victim of the corruption of the rulers and today Pakistan is in front of the whole world as a failed nation. Imran Khan will not be able to contest elections for five years after the court sentenced him to three years. However, he has challenged the conviction in the High Court and has several legal options available to him. It is in the trough of the future whether his game will be over in the politics of Pakistan or not. Cricketer-turned-politician Imran though has the guts to play till the last over but it seems that this time it was his own bat that touched the wicket. The story of Imran Khan is also similar from pavilion to pitch and from pitch to field. There is no doubt that he has delivered such sixes to his political opponents which he can never forget. Imran Khan's entry into politics was not a sudden event. Waited and worked hard for many years for this. It is also known to all that his election was less and army selection was more. When Imran became the Prime Minister of Pakistan in 2018, he showed dreams of Naya Pakistan and Riyasat-e-Madina. At that time it seemed that winds of good changes would come in the neighboring country. Pakistan will come out from the clutches of terrorism, religious violence and corruption and come on the path of democracy. Imran Khan also made people feel happy by adding flavor of new Pakistan and Riyasat-e-Madina in his speeches, but people's happiness gradually ended. The whole world knows that Pakistan has always been a half-baked democracy and the army has time and again trampled democracy under its boots. Confrontation with the army started as soon as Imran was in power. Imran tried to free the post of PM from the influence of the army, so he clashed with the army. Imran Khan was accused that he did not want to extend the term of former Pakistan Army Chief Qamar Javed Bajwa and he kept trying to avoid it. Apart from this, he also postponed the appointment of Bajwa's favorite General Nadeem Anjum to the post of Chief of ISI. It was these incidents that kept him at loggerheads with the army. Last year, when the opposition tried to remove him through a no-confidence motion, the army called it a foreign conspiracy and blamed the US behind it. This was a very difficult situation for the Pakistani army and rulers who were dependent on America for many things. The situation was such that the Pakistan Army had to give an explanation for this. Regarding the confrontation with the army, Imran broke his crutch, with the help of which the ruler of Pakistan somehow remains stable on the edifice of democracy. Tales of Imran Khan's colorful moods and one after the other marriages also became famous and he was accused of embarrassing corruption. In this, the names of his wife Bushra Biwi and friends, famous for witchcraft, also came up. Imran Khan was also accused of earning money by selling gifts received as PM. Imran left no stone unturned in spewing venom against India and also played no role in ending terrorism. His bad days started as soon as the government fell. As is the custom of Pakistan's politics, cases kept opening against Imran. When the Shahbaz government started tightening the noose on Imran's party, then one by one the leaders of Imran's party PTI left him. Imran became weak due to the strictness taken by the government after violent demonstrations by Imran supporters and this time there was not much protest after his arrest. It is possible that Imran will get bail again, but it remains to be seen how long he will survive in the many cases being run against him. The army is determined to eliminate them completely and the Shahbaz government is about to announce general elections. For the time being, it can be said that what has happened, the entire command that was on the way to build a new Pakistan has slipped.

Inflammatory speech, if the society does not alert, then even installing CCTV cameras on every corner will not work

Such a message should also go to the society from the Supreme Court that the answer to hatred is hatred and the answer to violence cannot be violence. Everyone has to understand that an environment of peace and harmony is in their own interest and that of the country. If the society is not alert about its moral and civic responsibilities, then even installing CCTV cameras at every corner will not help. On the violence in Nuh and other areas of Haryana, the instructions given by the Supreme Court to the governments of Haryana, Uttar Pradesh and Delhi including the central government to stop hate speeches and call for additional security forces if necessary, are in line with the need of the hour.

Are. In fact, instructions should be given to all state governments to stop hate speech, because such speech is not limited to any particular state. There is also a need to define inflammatory speech, because if someone declares something as hateful, then someone criticizes it bitterly. interprets as There is also a problem that there is a lot of noise on someone's hate speech, but someone else's similar speech is ignored. This is ignored by political parties, intellectuals, a section of the media and even sometimes by the courts. At times, grossly objectionable and inflammatory speech is disguised as freedom of expression. Don't know how many hate speeches remained like this, in which no action was taken against anyone. In the case of Nuh violence, it cannot be ignored that provocative speeches were made by both the sides. It is clear that strict action should be taken against both the parties without any discrimination. This action should be such that the nefarious elements get the necessary lesson.

Whether they are right wing or left wing or any other ideological or religious group. The double standards in dealing with hate speech are only adding to the problem. The attempt to prove that such speeches are being given only by people belonging to a particular group or ideology is a mischievous agenda and needs to be exposed. In the case of Nuh's violence, it is also necessary to go to the bottom of the reasons behind it, because such gruesome violence cannot happen without a well-planned conspiracy. Had Nuh not witnessed such horrific violence and large-scale arson, firing and looting, besides targeting the police along with devotees participating in the Jalabhishek Yatra, the violence that followed in other areas could probably have been avoided . Such a message should also go to the society from the Supreme Court that the answer to hatred is hatred and the answer to violence cannot be violence. Everyone has to understand that an environment of peace and harmony is in their own interest and that of the country. If the society is not alert about its moral and civic responsibilities, then even installing CCTV cameras at every corner will not help. This work is not even possible easily in such a big country.

जिलाधिकारी द्वारा मिशन इन्द्रधनुष को सफल बनाने के लिए ई-रिक्शा प्रचार रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा मिशन इन्द्रधनुष को सफल बनाने हेतु जिला अस्पताल में नवजात शिशु को पोलियों की ड्रॉप पिलाकर एवं फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। इसके पश्चात् जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा मिशन इन्द्रधनुष को सफल बनाने के लिए कोर ग्रुप पार्टनर्स प्रोजेक्ट के माध्यम से जनमानस को जागरुक करने के लिए जिला अस्पताल मुरादाबाद से ई-रिक्शा प्रचार रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि मिशन इन्द्रधनुष के तहत वैक्सीनेशन का एक सप्ताह का इंटेंसिव कार्यक्रम चल रहा है तथा 0-5 वर्ष तक, जो बच्चे वैक्सीनेशन से छूट गये हैं ऐसे बच्चों को चिन्हित कर वैक्सीनेशन किया जायेगा। यह अभियान अगले तीन माह तक चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि सभी बच्चों का ससमय वैक्सीनेशन करवाया जाये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी कुलदीप सिंह, यूनिसेफ के प्रतिनिधि डा0 रोहित कुमार सिंह, डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि डा0 ईशान, अस्पताल स्टाफ सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहें।

गन्ना मूल्य भुगतान न करने पर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -कार्ययोजना के अनुरूप एक सप्ताह के अन्दर गन्ना मुल्य भुगतान एवं विकास अंशदान का भुगतान करने हेतु जिलाधिकारी द्वारा दिये गये

सख्त निर्देश जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में जनपद मुरादाबाद की चीनी मिलें राणा शुगर्स लि0 बेलवाडा एवं लक्ष्मी शुगर मिल्स कं.लि.(वर्क्स श्री अजुध्या शुगर मिल्स) बिलारी की पेराई सत्र 2022-23 के अवशेष गन्ना मूल्य एवं विकास अंशदान का भुगतान किये जाने के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक आहूत की हुई। बैठक में जिला गन्ना अधिकारी द्वारा बताया गया कि चीनी मिल बेलवाड़ा पर 33.87 करोड़ एवं चीनी मिल बिलारी पर 49.93 करोड़ का गन्ना मूल्य भुगतान हेतु अवशेष है एवं उक्त चीनी मिलों द्वारा उपलब्ध करायी गयी कार्ययोजना के अनुसार अवशेष गन्ना मूल्य एवं विकास अंशदान का भुगतान नही किया जा रहा हैं, जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा चीनी मिल बेलवाडा एवं बिलारी के उपाध्यक्ष एवं महाप्रबन्धक(वित्त) को कड़ी फटकार लगायी एवं चेतावनी जारी की कि एक सप्ताह के अन्दर कार्ययोजना के अनुसार अवशेष गन्ना मूल्य एवं विकास अंशदान का भुगतान करना सुनिश्चित करें अन्यथा मिल प्रबन्ध तंत्र के विरूद्व कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

समीक्षा बैठक में चीनी मिल बेलवाड़ा के उपाध्यक्ष श्री धन सिंह, चीनी मिल बिलारी के उपाध्यक्ष श्री सुभाष खोक्कर, चीनी मिल बिलारी के डी.जी.एम.वित्त श्री अनिल कुमार, जिला गन्ना अधिकारी मुरादाबाद एवं सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति लि. मुरादाबाद श्री सुरेश चन्द उपस्थित रहे।

नासिक से मुरादाबाद पहुंचने लगा टमाटर, बाजारों में 120 से लेकर 140 रुपये तक बिका

मुरादाबाद में नासिक से टमाटर की आवक शुरू होने के साथ इसके बढ़े दाम में आंशिक कमी आई है। रविवार मंडी समिति में थोक में टमाटर 100 से 120 रुपये प्रति किलो तक बिका। खुले बाजार में भी टमाटर का भाव 120 रुपये से लेकर 140 रुपये तक आ गया। करीब 32 क्विंटल टमाटर मंडी में आया। तीन क्रेट टमाटर मंडी प्रशासन ने भी फुटकर ग्राहकों को 100 रुपये में बिकवाया। नासिक से टमाटर की आवक शुरू हो गई है। हिमाचल, देहरादून के अलावा रविवार नासिक से भी करीब 50 क्रेट टमाटर यहां आया। मंडल मुख्यालय की मझोला स्थित मंडी में रविवार 32 क्विंटल कुल टमाटर आया। हालांकि मांग के हिसाब से टमाटर की आवक अभी भी काफी कम है, लेकिन इसके बाद भी रविवार टमाटर के भाव थोक में करीब 10 रुपये किलो कम हुए। टमाटर के यह दाम अभी भी अधिक हैं। पिछले एक सप्ताह में फुटकर में करीब 100 रुपये तक भाव के नीचे आ जाने से लोगों ने कुछ राहत जरूर महसूस की है। मंडी निरीक्षक महादेवी ने बताया कि मंडी में रविवार कुल 32 क्विंटल टमाटर आया। शासन के निर्देश पर मंडी प्रशासन की ओर से टमाटर के बढ़ते भाव को कम करने के उद्देश्य से रविवार पांचवें दिन भी स्टॉल लगाकर 100 रुपये प्रति किलो की दर से तीन क्रेट टमाटर बिकवाया गया।मंडी निरीक्षक महादेवी ने बताया कि रविवार को 32 क्विंटल टमाटर नासिक से आया। मंडी प्रशासन ने रविवार को पांचवें दिन स्टॉल लगाकर 100 रुपये प्रति किलो की दर से इसे बेचा।

सोनम ने जीता सोना: अमरोहा की बेटी ने कनाडा में फिर रचा इतिहास, ट्रिपल जंप में जीता गोल्ड मेडल

कनाडा के विनितिक शहर में चल रहे वर्ल्ड पुलिस गेम्स में पांच दिन पहले पांच मीटर 85 सेंटीमीटर लंबी छलांग लगाकर सिल्वर जीतने वाली अमरोहा की बेटी सोनम ने एक बार फिर इतिहार रच दिया है। सोनम ने ट्रिपल जंप में 13 मीटर 32 सेंटीमीटर की छलांग लगाकर गोल्ड जीता है। बेटी की कामयाबी पर परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। कोच रोहित गुप्ता ने बताया कि सोनम ने ट्रिपल जंप में सोनम ने 13 मीटर 32 सेंटीमीटर लंबी छलांग लगाकर गोल्ड मेडल जीता है। सोनम ने हांगकांग और साउथ कोरिया कि खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा है। ग्रामीणों को मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। त्रिस्तरीय और लंबी कूद की खिलाड़ी सोनम 28 जुलाई से छह अगस्त तक कनाडा के विनितिक शहर में होने वाले वर्ल्ड पुलिस गेम्स में शामिल हुईं। वर्ल्ड पुलिस गेम्स में प्रतिभाग करने का यह उनका दूसरा मौका था। उनका एकमात्र लक्ष्य इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के लिए स्वर्ण पदक लाना था। कोच रोहित गुप्ता ने अमर उजाला से बातचीत करते हुए बताया कि सोनम ने पांच दिन पहले कनाडा में 5 मीटर 85 सेंटीमीटर लंबी छलांग लगाई थी। वह सोना जीतने में केवल 18 सेंटीमीटर पीछे रह गई थीं, लेकिन छह अगस्त को होने वाली ट्रिपल जंप में सोनम देश के लिए गोल्ड लेकर आएंगी ऐसी पूरी उम्मीद और विश्वास था। सोनम ने यह कर दिखाया। उन्होंने बताया कि ट्रिपल जंप (त्रिकूद) में सोनम ने 13 मीटर 32 सेंटीमीटर लंबी छलांग लगाकर गोल्ड मेडल जीत लिया है। सोनम ने हांगकांग और साउथ कोरिया कि खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा है। चीन में हुए गेम्स में भी सोनम ने जीता था एक स्वर्ण और एक रजत रजबपुर के गांव मोहम्मदपुर के किसान राजवीर सिंह की बेटी सोनम सीआइएसएफ दिल्ली में हेड कांस्टेबल हैं। वह एथलीट भी हैं। वर्ष 2019 में चीन में हुए गेम्स में भी सोनम ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक देश को दिलाया था। इतना ही नहीं मार्च 2023 में सोनम ने 71वीं आल इंडिया पुलिस एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक जीता था। इसी वर्ष सोनम को देश के पुलिस विभाग की सर्वोत्तम खिलाड़ी भी चुना गया था। इससे पहले उनका एशियन गेम्स में चयन नहीं हो सकता था। वह ट्रायल में तीन सेमी से पिछड़ गई थीं। सोनम को एशियन गेम्स खेलने का मलाल रहा था।

अमरोहा में भारत माता के जयकारे पर भड़के बसपा सांसद दानिश, भाजपाइयों से नोकझोंक

मुरादाबाद - उत्तर प्रदेश के अमरोहा में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे के कार्यक्रम के बीच में ही बसपा के सांसद और भाजपा के कार्यकर्ताओं के बीच जमकर बवाल मच गया। बताया जा रहा है कि सांसद ने भारत माता की जय नारे को लेकर हंगामा कर दि?या। बता दें कि कार्यक्रम में बसपा सांसद और भाजपा के कई नेता मौजूद थे।

अमृत भारत स्टेशन योजना के कार्यक्रम में भाजपा के शिक्षक विधायक डा हरिसिंह ढिल्लो ने भारत माता की जय का नारा लगाया तो बसपा सांसद दानिश अली भड़क गए। उन्होंने इसका विरोध किया। जिस पर वहां मौजूद भाजपाई भी भड़क गए।दोनों पक्षों में जमकर नोकझोंक हुई। हालात खींचतान के बन गए।अधिकारियों ने मशक्कत के बाद मामला शांत कराया। रविवार को अमरोहा रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण चल रहा था। यहां पूर्व सांसद कंवर सिंह तंवर, शिक्षक विधायक डॉ हरिसिंह ढिल्लो व जिलाध्यक्ष डॉ ऋषिपाल नागर समेत तमाम भाजपाई मौजूद थे। वहीं बसपा सांसद कुंवर दानिश अली भी अपने समर्थकों के साथ पहुंचे थे। संबोधन के दौरान शिक्षक विधायक ने भारत माता की जय के नारे लगाए तो सांसद को बुरा लगा। उन्होंने खड़े होकर इसका विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते दोनों तरफ से नोकझोंक बढ़ गई। सांसद समर्थक व भाजपा कार्यकर्ताओं में खींचतान शुरू हो गई। अधिकारियों ने किसी तरह मामला शांत कराया।सांसद का कहना था कि यह भाजपा का निजी कार्यक्रम नहीं बल्कि सरकारी कार्यक्रम है। यहाँ भाजपा ज़िंदाबाद के भी नारे लगे। प्रधानमंत्री ने यह स्टेशन भाजपा नहीं बल्कि, राष्ट्र को समर्पित किए हैं। ऐसे में पार्टी समर्थित नारे लगाना अनुचित है। जबकि एमएलसी ढिल्लो ने कहा कि भारत माता का जयकारा लगाना हमारा अधिकार है। इसका विरोध सहन नहीं किया जा सकता।

कटघर के नर्सिंग होम में प्रसूता की मौत; डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप- परिवार वालों ने किया हंगामा

मुरादाबाद - कटघर थाना क्षेत्र में एक सप्ताह के अंदर फिर प्रसूता की नर्सिंग होम में मृत्यु हो गई। मामले की सूचना के बाद स्वजन ने हंगामा किया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने समझाकर शांत कराया। इलाज का खर्च वापस करने पर स्वजन शव लेकर चले गए।भोजपुर थाना क्षेत्र के पीपलसाना की प्रीति पाल की शादी बीते 21 जून को देवेंद्र पाल से हुई थी। मां रेखा ने बताया कि गर्भवती प्रीति को शनिवार दोपहर प्रसव पीड़ा होने पर कटघर के दस सराय चौकी क्षेत्र के एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। शाम करीब सात बजे आपरेशन के बाद प्रीति ने बेटे को जन्म दिया। बच्चे के जन्म के आधे घंटे बाद से प्रीति की हालत बिगड़ने लगी। रविवार सुबह उसकी मौत हो गई। स्वजन ने डाक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना मिलने पर कटघर थाना प्रभारी राजेश सिंह सोलंकी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। हंगामा कर रहे लोगों को समझाबुझा कर शांत कराया। कुछ देर दोनों पक्षों ने आपसी समझौता करके मामले को रफा-दफा कर लिया। थाना प्रभारी ने कहा कि इस मामले में किसी भी पक्ष की ओर से शिकायत नहीं की गई।बच्चे के जन्म के आधे घंटे बाद से प्रीति की हालत बिगड़ने लगी। रविवार सुबह उसकी मौत हो गई। स्वजन ने डाक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना मिलने पर कटघर थाना प्रभारी राजेश सिंह सोलंकी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। हंगामा कर रहे लोगों को समझाबुझा कर शांत कराया। कुछ देर दोनों पक्षों ने आपसी समझौता करके मामले को रफा-दफा कर लिया।

सुपर जोइनिंग वीक

उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढता आपका अपना

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live

आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से

रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की

12 पेज का फुल अखबार

एक बार कॉल अवश्य करें

9027776991

प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

लूटे गए मूंगफली लदे ट्रक सहित एक अभियुक्त को अवैध असलहा कारतूस के साथ किया गया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- थाना कोतवाली देहात पुलिस को मिली बड़ी सफलता, थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए करीब 18 टन मूंगफली लदे ट्रक लूट की घटना का किया गया सफल अनावरण, लूटे गए मूंगफली लदे ट्रक सहित एक अभियुक्त को अवैध असलहा कारतूस के साथ किया गया गिरफ्तार। घटना का विवरण- दिनांक 07.08.2023 को वादी जफरुद्दीन पुत्र महमूद निवासी सरैता, थाना तिजारा जनपद अलवर (राजस्थान) द्वारा थाना कोतवाली देहात पर इस आशय की लिखित सूचना दी गई कि दिनांक 06.08.2023 की रात्रि को अपने ट्रक संख्या ऋ्छ 11 त्र्ष्ट 0561 से मंडी समिति एटा से लगभग 18 टन मूंगफली लोड करके राजकोट ले जाते समय कासगंज रोड ओवरब्रिज पर एक टाटा सूमो सवार चार व्यक्तियों ने चैकिंग के बहाने उसकी गाड़ी रुकवाई, जब वह फाइल लेकर सूमो गाड़ी के पास पहुंचा तो सूमो सवार 04 व्यक्तियों ने वादी और उसके पुत्र जो हेल्पर का काम करता है, उसको गाड़ी में डालकर लिंक रोड पर ले गए और उनके हाथ पैर बांधकर जंगल में डाल दिया तथा उनसे 12500 रूपये और एक मोबाइल फोन लूटकर उनके ट्रक को सिकंदराराऊ की तरफ लेकर चले गए, इस सूचना पर थाना कोतवाली देहात पर मुअस0- 362/2023 धारा 394 भादवि0 पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तारी- प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र अनावरण तथा माल की बरामदगी हेतु एसएसपी एटा श्री राजेश कुमार सिंह द्वारा टीमें गठित की गई, जिनके द्वारा उक्त प्रकरण से संबंधित अभियुक्त बॉबी पुत्र प्रेम सिंह निवासी बंथल कुतुबपुर थाना पिलुआ एटा को करीब 18 टन मूंगफली सहित लूटे गए ट्रक व अवैध असलहा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है तथा गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ व अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास सहित थानास्तर से अग्रिम वैधानिक प्रचलित है।

कांवड़ियों के साथ मारपीट तथा पुलिसकर्मियों के साथ अभद्रता करते हुए सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने के मामले में तीन अभियुक्त 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-थाना कोतवाली देहात पुलिस को मिली बड़ी सफलता, कोतवाली देहात क्षेत्रांतर्गत कांवड़ियों के साथ मारपीट तथा पुलिसकर्मियों के साथ अभद्रता करते हुए सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने के मामले में वांछित चल रहे तीन अभियुक्त 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार। घटनाक्रमानुसार दिनांक 06.08.2023 को ग्राम अमरगोजिया में अभियुक्त सन्दीप व गौरव तथा 15-20 अज्ञात के व्यक्तियों द्वारा कांवडियों के एक समूह के साथ 101 किलो की कांवड़ लेकर जाते समय जावडा नहर पुल के पास अमरगोजिया निवासी मोटरसाईकिल सवार संदीप व गौरव से उपरोक्त कावडियों की किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी थी तो उक्त लोग कांवड़ियों को धमकी देकर चले गये कि आप लोग अमरगोजिया गांव के पास आओ हम बताते हैं तथा उक्त कांवडियो को मारने के लिये संदीप व गौरव अपने 15-20 साथियों को लेकर एकराय होकर लाठी डण्डों से उक्त कांवड़ियों को रोककर मारपीट की गयी व कांवडियो की मदद हेतु सूचना पर मौके पर पहुँचे उ0नि0 श्री रुपचन्द मय पुलिस बल के साथ उपरोक्त संदीप व गौरव तथा अज्ञात 15-20 लोगों द्वारा एक राय होकर पथराव किया गया जिससे आने जाने वाले कांवड़ियों व यात्रियों में अफरा तफरी मच गई तथा आगरा रोड अवरुद्ध हो गया व सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की गयी व अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक मोटरसाईकिल में आग लगा दी गयी। इस संबंध में थाना कोतवाली देहात पर *मु0अ0स0- 358/2023 धारा 147, 148, 149, 323, 504, 506, 435, 336, 353, 332, 341 आईपीसी व 7 सीएलए एक्ट* पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी - वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री राजेश कुमार सिंह द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए घटना में संलिप्त अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात को निर्देशित किया गया। कोतवाली देहात पुलिस द्वारा एएसपी एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाहा के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी नगर श्री विक्रांत द्विवेदी के कुशल नेतृत्व में टीम गठित कर मुकदमा उपरोक्त में नामित अभियुक्त सन्दीप व प्रकाश में आये अभियुक्तगण राधेश्याम पुत्र सरमन सिंह व किशनपाल पुत्र सोरनसिंह निवासीगण ग्राम अमरगोजिया थाना कोतवाली देहात जनपद एटा को मुखबिर की सूचना पर राधेश्याम के घर के पास से समय करीब 12.20 बजे गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

शिकायतों के निस्तारण में अलीगंज प्रदेश में अव्वल

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-अलीगंज, । जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए संचालित जनसुनवाई योजना में अलीगंज तहसील को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से 121 शिकायतकर्ताओं ने आवेदन किया था। इसे समय से निस्तारित कर दिया गया है। तहसीलदार राकेश कुमार सिह ने बताया कि तहसील अलीगंज क्षेत्र की 121 शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इसमें से सबसे अधिक राजस्व संबंधित थीं। सभी शिकायतों को समय से निस्तारित किया गया है। प्रदेश में प्रथम स्थान मिलना अधिकारियों की कार्य कुशलता का परिणाम है। आगामी समय में भी समयबद्ध तरीके से निस्तारण कराया जाएगा। आईजीआरएस प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि ऑनलाइन आने वाली शिकायतों को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाकर शीघ्र ही निस्तारण करवाया जाता है। सभी शिकायतों को निष्पक्ष तरीके से निपटाया जा रहा है।

संक्रामक रोगों की दस्तक, सभी को स्वच्छता बरतने के लिए तत्पर रहना चाहिए

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-पिछले पंद्रह दिन से देश में आई फ्लू के मामले में जैसी उछाल देखी जा रही है, वैसे पहले नहीं देखी गई थी। लगभग आधा दर्जन राज्यों को इस बीमारी के मद्देनजर दिशा-निर्देश जारी करने पड़े हैं। क्या आई फ्लू या कंजंक्टिवाइटिस या नेत्रश्लेष्मलाशोथ एक वैश्विक स्वास्थ्य चिंता का विषय बन गया है?

आंकड़े बताते हैं कि दुनिया में इस बीमारी के इलाज का चार अरब डॉलर से ज्यादा का कारोबार है। दुनिया के सभी महादेशों में बड़ी संख्या में लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं। इसका जब संक्रमण होता है, तब आंखें लाल हो जाती हैं। खुजली व चुभन होती है और सूजन भी। आंखों से पानी बहता रहता है। यह बीमारी या संक्रमण होने का एक कारण नहीं है। वायरल व बैक्टीरियल संक्रमण, एलर्जी और जलन पैदा करने वाले पदार्थों के संपर्क में आने से भी यह बीमारी हो सकती है। यह संक्रमित व्यक्ति के सीधे संपर्क में आने से फैलती है। भीड़भाड़ वाले इलाकों, दफ्तरों में रहने वाले लोगों और स्कूलों में बच्चों की आंखें लाल होने की आशंका सबसे अधिक होती है। भारत में एक ओर, मौसम अस्थिर है, तो दूसरी ओर, तमाम तरह की गतिविधियां भी बढ़ गई हैं, ऐसे में, आई फ्लू का भय बन गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी लोगों को सावधान किया गया है। ध्यान देने की बात है कि देश के अनेक हिस्सों में लगातार बारिश और बाढ़ की स्थिति के चलते स्वच्छता में भी कमी आई है। उच्च आर्द्रता भी ऐसे रोगों के प्रसार के लिए एक अनुकूल कारक है। क्या कोविड-19 महामारी के बाद लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता घटी है और उसकी वजह से भी संक्रामक रोगों की आशंका बढ़ गई है? वास्तव में सभी को स्वच्छता बरतने के लिए तत्पर रहना चाहिए। हाथों को साफ रखना भी जरूरी है और अपने चेहरे या आंखों का स्पर्श करने से भी बचना चाहिए। कोरोना के संक्रमण के समय भी यह बार-बार कहा गया था कि अब कुछ वर्षों तक हमें संक्रामक रोगों से कुछ ज्यादा सावधान रहना होगा। वैसे भी वैज्ञानिकों का मानना है कि कंजंक्टिवाइटिस भारत में आम है और ज्यादातर बरसात के मौसम में देखा जाता है। धूप का चश्मा पहनने से संक्रमण को नहीं रोका जा सकता, पर यह किसी व्यक्ति को अपनी आंखों को छूने से रोक सकता है, जो बीमारी के फैलने का एक प्रमुख कारण है। चिकित्सक यह मान रहे हैं कि बारिश का दौर जब तक चलेगा, इस संक्रमण का खतरा बना रहेगा। डेंगू का खतरा भी इन दिनों बढ़ा हुआ है। अकेले त्रिपुरा जैसे छोटे राज्य में 180 से ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं, वहीं दिल्ली में साल 2018 के बाद सबसे ज्यादा मामले देखे जा रहे हैं। डेंगू एक जानलेवा बीमारी है, अत इसको लेकर ज्यादा चिंता है। यह बीमारी भी जगह-जगह जलभराव और मच्छरों के पनपने से होती है। जाहिर है, यह भी बारिश से जुड़ा संकट है। डेंगू के मरीजों को तीव्र सिरदर्द का अनुभव हो सकता है, जो आंखों में दर्द व असुविधा की स्थिति पैदा कर सकता है। दर्द आमतौर पर आंखों के पीछे केंद्रित होता है और यह डेंगू संक्रमण का एक सामान्य संकेत है, जिससे लोगों को सावधान रहना चाहिए। मांसपेशियों और जोड़ों में अत्यधिक दर्द के चलते डेंगू को अक्सर हड्डी तोड़ बुखार भी कहा जाता है। मतली, उल्टी और पेट में बेचैनी का भी डेंगू से संबंध है। आज के समय में ऐसी मौसमी बीमारियों को भी गंभीरता से लेने की जरूरत है, क्योंकि एक समस्या की अनदेखी दूसरी समस्या को बढ़ा सकती है।

किशोरी के कार में बंधक मिलने के बाद आपस में भिड़ गईं महिलाएं, दस लोग जख्मी

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

हरदुआगंज -अलीगढ़ महानगर के रोरावर क्षेत्र में किशोरी के कार में बंधक मिलने की दो दिन पुरानी घटना में देर रात महिलाओं ने हंगामा खड़ा कर दिया। एक कार पर पथराव कर दिया। इस दौरान दोनों ओर से टकराव के हालात पैदा हो गए।

खबर पर हरकत में आई पुलिस ने दोनों पक्षों के घायलों को अस्पताल में भरती कराया है। घटनाक्रम रात का है। जब परिवार के साथ घर में सो रही 14 वर्ष की किशोरी अचानक गायब हो गई।

आरोप है कि परिवार का रिश्ते का भांजा छत के रास्ते अपने दो साथियों की मदद से उसे घर के अंदर आकर ले गया। तडके जब परिवार की आंख खुली तो किशोरी को गायब देख उसकी तलाश शुरू हुई। कुछ देर बाद मोहल्ले में खड़ी एक स्कार्पियो में किशोरी हाथ पैर बंधी मिल गई। इस घटना पर तडके ही पुलिस मौके पर पहुंची और किशोरी को बंधनमुक्त कराकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद देर रात उसी विवाद में दोनों परिवारों की महिलाओं में बहस के दौरान आमना सामना हो गया। दोनों ओर से मारपीट के बीच पथराव हो गया। उस कार पर भी पथराव कर दिया गया।

इससे इलाके में अफरा तफरी मच गई। खबर पर पुलिस पहुंच गई और मामला शांत कराकर दोनों पक्षों के घायलों को अस्साल भेजा गया। सीओ प्रथम के अनुसर इस घटना में किशोरी पक्ष से मोहम्मद जाकिर, मौ. शाकिर, मौ. चांद, मौ. फरीद, सौनू, महिला कौशर, आत्मा, नगीना, सलमा व आरोपी पक्ष से विनोद खां घायल हो गए। घायलों को अस्पताल भेजा गया है। बाकी कार्रवाई जारी है।

तेज धूप के बीच छाते की मदद से यातायात सभांल रहे है ट्रैफिक पुलिस कर्मी

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ - इन दिनों भीषणगर्मी व तेज धूप से जहां आम जनमानस बेहाल है। वहीं अलीगढ़ के बोनेर चौराहे पर तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मी तेज धूम में छाते की मदद से यातायात की व्यवस्था संभालने मुस्तैद नजर आरहे है। भीषणगर्मी व तेज धूप में अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान पुलिस कर्मियों की सराहना की जानी चाहिए

पिता की पत्नी बनकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर अवैध तरीके से पेंशन प्राप्त करने के मामले में वांछित चल रही अभियुक्ता गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच -निशाकांत शर्मा

एटा- थाना अलीगंज पुलिस को मिली सफलता, लेखपाल पिता की मृत्यु के उपरांत पिता की पत्नी बनकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर अवैध तरीके से पेंशन प्राप्त करने के मामले में वांछित चल रही अभियुक्ता गिरफ्तार। जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था तथा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के परिदृश्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री राजेश कुमार सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा श्री विनोद कुमार पाण्डेय व अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाहा के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी अलीगंज श्री सुधांशु शेखर के नेतृत्व में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना अलीगंज पुलिस द्वारा थाना अलीगंज पर पंजीकृत मुअसं0- 78/2023 धारा 420, 467, 468, 471, 409 भादवि0 में वांछित चल रही अभियुक्ता को आज दिनांक 07.08.2023 को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्ता के विरूद्ध थानास्तर से आवश्यक वैधानिक की

ससुराल आई विवाहिता दो बच्चों संग लापता

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

